# सराफा कारोबारी पर कसा सीबीआई का शिकंजा

**बड़े सिंडिकेट का पर्दाफाश होने से मचा हड़कंप**

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** मध्य प्रदेश के खंडवा में एक सराफा कारोबारी के घर सीबीआई की दस्तक ने पूरे शहर के व्यावसायिक जगत में खलबली मचा दी है। यह मामला केवल एक नोटिस तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे 264 करोड़ रुपये के एक ऐसे विशाल सिंडिकेट का पर्दाफाश हुआ है, जिसने सरकारी तंत्र और बैंकिंग व्यवस्था की सुरक्षा में सेंध लगा दी थी।

**अचानक हुई CBI की एंट्री से मचा हड़कंप**-पूरे मामले की शुरुआत तब हुई जब दिल्ली से एक सीबीआई कांस्टेबल अचानक सराफा कारोबारी अंकित जैन के निवास पर पहुंचा। खुद को सीबीआई कर्मचारी बताते हुए उसने नोटिस लेने को कहा और घर व गाड़ियों की तस्वीरें खींचनी शुरू कर दीं। इस अप्रत्याशित कार्रवाई से घबराकर कारोबारी ने तुरंत अपने परिचितों और स्थानीय पुलिस को सूचित किया।

मौके पर पहुंचे भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुधांशु जैन और कोतवाली पुलिस ने जब कांस्टेबल की सत्यता जांची और दिल्ली में सीबीआई अधिकारी सुशील कुमार वर्मा से संपर्क किया, तब यह स्पष्ट हुआ कि यह कोई फर्जीवाड़ा नहीं बल्कि एक बेहद गंभीर आधिकारिक जांच का हिस्सा है।

**धोखाधड़ी का मास्टर प्लान-कैसे हुआ 264 करोड़ का खेल?**

जांच में सामने आया कि यह पूरा घोटाला आइडेंटिटी थेफ्ट यानी पहचान की चोरी का एक बड़ा उदाहरण है। जालसाजों ने अंकित जैन के पैन कार्ड का इस्तेमाल कर एक फर्जी कंपनी का निर्माण किया। दस्तावेजों में अंकित जैन को इस कंपनी का सर्वेसर्वा यानी मालिक दर्शाया गया। साजिश इतनी गहरी थी कि आयकर विभाग के एक अधिकारी की कथित मिलीभगत से एक कारोबारी के खाते में 264 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए। इसमें से आरोपियों ने बड़ी चालाकी से 174 करोड़ रुपये की निकासी भी कर ली।



**बैंक की सतर्कता और घोटाले का पर्दाफाश**- यह महाघोटाला तब उजागर हुआ जब आरोपी बाकी बचे 90 करोड़ रुपये निकालने के लिए बैंक पहुंचे। इतनी बड़ी रकम के ट्रांजेक्शन को देखकर बैंक अधिकारियों को संदेह हुआ और उन्होंने तत्काल प्रभाव से खाते को सीज कर दिया। जब जांच शुरू हुई तो कड़ियां खंडवा के अंकित जैन से जुड़ीं, क्योंकि जिस पैन कार्ड के आधार पर कंपनी और खाता खुला था, वह उन्हीं के नाम पर दर्ज था।

**चेतावनी की अनदेखी पड़ी भारी**- जानकारी के अनुसार, अंकित जैन के दस्तावेजों का दुरुपयोग फरवरी 2022 से ही किया जा रहा था। इस बीच उन्हें डाक के जरिए कुछ नोटिस भी प्राप्त हुए थे, जिन्हें उन्होंने साधारण समझकर नजरअंदाज कर दिया। हालांकि उन्होंने स्थानीय पुलिस में शिकायत की बात कही है, लेकिन उस समय मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया। अब सीबीआई ने सीधे अपने कर्मचारी को भेजकर नोटिस तामील कराया है, जिससे कारोबारी की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

**अब आगे क्या?**

कोतवाली टीआई प्रवीण आर्य ने स्पष्ट किया है कि सीबीआई ने कारोबारी को 14 मई को भोपाल स्थित सीबीआई कार्यालय में पेश होने के लिए तलब किया है। सराफा कारोबारी अंकित जैन का कहना है कि वे इस पूरी साजिश से अनजान हैं और उन्हें नहीं पता कि उनका पैन कार्ड इन अपराधियों के हाथ कैसे लगा। फिलहाल, वे अपने वकील के माध्यम से सीबीआई के समक्ष अपना पक्ष रखने की तैयारी कर रहे हैं।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल चौपाल और किया श्रमदान



**खण्डवा ।** जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था गांधी युवा मंडल द्वारा पंधाना विकासखंड के ग्राम मांडवा में जल चौपाल आयोजित की गई। साथ ही गांव के पाडिया नाले पर ग्रामीणों ने श्रमदान भी किया। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जगदीश पटेल ने जल गंगा संवर्धन के बारे में बताया और ग्रामीणों से अपील की कि गांव का पानी गांव में ही रहे, इसके लिए सभी ग्रामीण मिलकर वर्षा के जल को गांव में ही संरक्षित करने का प्रयास करें। उन्होंने बताया कि गांव में नवांकुर संस्था द्वारा प्याऊ का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम में ग्रामीणों को जल संरक्षण करने की शपथ भी दिलाई गई।

## पुलिस के नए कप्तान अगम जैन ने संभाली कमान

**अपराधियों और नशा माफियाओं को दी सख्त चेतावनी**

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा पुलिस विभाग में किए गए व्यापक फेरबदल के बाद खंडवा जिले की कमान अब 2016 बैच के तेज-तर्रार आईपीएस अधिकारी अगम जैन के हाथों में आ गई है।

छतरपुर में अपनी सख्त और परिणाम देने वाली कार्यशैली के लिए पहचाने जाने वाले जैन ने गुरुवार दोपहर ठीक 12.10 बजे निवर्तमान एसपी और पदोन्नति पाकर डीआईजी बने मनोज राय की उपस्थिति में जिले का प्रभार ग्रहण किया। इस अवसर पर जहां एक ओर डीआईजी श्री राय ने नए कप्तान का स्वागत किया, वहीं दूसरी ओर तीन दादाओं की नगरी की परंपरा के अनुसार उनका आत्मीय अभिनंदन भी किया गया। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद नवागत एसपी ने स्पष्ट कर दिया कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखना और देशभक्ति-जनसेवा के संकल्प को जमीन पर उतारना उनकी सर्वोच्च



प्राथमिकता होगी। कार्यभार संभालते ही एसपी अगम जैन ने पुलिस कंट्रोल रूम में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों की पहली महत्वपूर्ण बैठक ली।

परिचय सत्र के साथ ही उन्होंने अपनी कार्यप्रणाली के संकेत दे दिए और स्पष्ट किया कि जिले में कानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध महाअभियान चलाने और अपराधियों पर कठोरतम कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एसपी ने पुलिसिंग में पारदर्शिता और संवेदनशीलता पर जोर देते हुए कहा कि थाने पहुंचने वाले हर फरियादी की शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेकर उचित कार्यवाही की जानी चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से एक रोडमैप बनाकर चरणबद्ध कार्रवाई करने पर जोर दिया है, जिसकी सतत मॉनिटरिंग सीधे उनके स्तर पर की जाएगी। आगामी सिंहस्थ महापर्व की महत्ता को देखते हुए उन्होंने तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में सुचारू यातायात प्रबंधन के लिए अभी से प्राथमिकता के आधार पर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। प्रशिक्षु आईपीएस अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर सहित पुलिस अमला मौजूद रहा। नवागत एसपी की इस प्रारंभिक सक्रियता ने यह साफ कर दिया है कि खंडवा में अब पुलिसिंग के नए तेवर और जीरो टॉलरेंस की नीति देखने को मिलेगी।

## प्रमुख सचिव बामरा ने सेल्दामाल का दौरा कर किया स्पॉट निरीक्षण



**नवभारत न्यूज़**

**खण्डवा।** जनजातीय कार्य विभाग के प्रमुख सचिव गुलशन बामरा ने गुरूवार को जिले के हरसूद विकासखण्ड के ग्राम सेल्दामाल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सेल्दामाल में लगभग 200 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लिए चयनित भूमि का सत्यापन किया। उन्होंने स्थल निरीक्षण के दौरान स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की जिला मुख्यालय से कनेक्टिविटी, बिजली-पानी की सुविधा जैसी आधारभूत सुविधाओं का आकलन किया। इस अवसर पर एसडीएम हरसूद आरसी खतेड़िया, प्रभारी सहायक आयुक्त बजरंग बहादुर सिंह, सहायक संचालक नीरज पाराशर, जनजातीय कार्य विभाग के अधीक्षण यंत्री प्रशांत श्रीवास्तव सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

## युवा संगम रोजगार मेले में 357 आवेदकों का हुआ प्राथमिक चयन



**नवभारत न्यूज़**

**खण्डवा।** शासकीय आईटीआई खंडवा में गुरूवार को युवा संगम रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन कौशल विकास, रोजगार व जिला प्रशासन के माध्यम से किया गया। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि मेले में 8 कंपनियों ने भाग लिया और कुल 357 आवेदकों का प्राथमिक चयन कर, उन्हें ऑफर लेटर प्रदान किए गए। इनमें से कंपनियों ने 72 आवेदकों का अप्रेंटिसशिप हेतु चयन किया। उल्लेखनीय है कि इस युवा संगम मेले के लिए कुल 415 युवक युवतियों ने पंजीयन कराया था। स्वास्थ्य विभाग द्वारा रोजगार मेले में आए 85 आवेदकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

## राठौर समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों का विधायक तनवे ने किया स्वागत



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** विधायक कंचन मुकेश तनवे ने गुरुवार को विधायक कार्यालय पहुंचने वाले राठौर समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान विधायक ने सभी पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए समाजहित और क्षेत्र विकास को लेकर सकारात्मक चर्चा की।

विधायक प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि विधायक कंचन तनवे प्रतिदिन दादाजी धाम में दर्शन के पश्चात विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर आमजन की समस्याएं सुनती हैं तथा उनके निराकरण के प्रयास करती हैं। साथ ही विधायक निवास कार्यालय पर भी क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करती हैं।

कार्यक्रम के दौरान विधायक कंचन तनवे ने कहा कि समाज की एकता, संगठन और जनसेवा की भावना को मजबूत करने के लिए सभी पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि राठौर समाज के नवदायित्वधारी पदाधिकारी समाज और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## प्रचार वाहन देगा लोक अदालत की जानकारी

**नवभारत न्यूज़**

**खण्डवा ।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव श्रीवास्तव ने गुरूवार को नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।




कल आयोजित होने वाली लोक अदालत के प्रचार वाहन को जिला न्यायालय परिसर से रवाना करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री श्रीवास्तव ने नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में नेशनल लोक अदालत का लाभ लेने का आह्वान किया। इस प्रचार वाहन के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नेशनल लोक अदालत के संबंध में जन-जागरूकता फैलायी जाएगी। प्रचार अभियान के दौरान नागरिकों को समझौते योग्य प्रकरणों के त्वरित, सुलभ एवं आपसी सहमति से निराकरण की जानकारी प्रदान की जाएगी।

इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश एवं नेशनल लोक अदालत समन्वयक उत्सव चतुर्वेदी, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय योगराज उपाध्याय, जिला न्यायाधीश अनिल चौधरी, अरविंद सिंह टेकाम, आशीष प्रताप सिंह, वीरेंद्र जोशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ठाकुर प्रसाद मालवीय, जिला रजिस्ट्रार अरविंद सिंह तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीयूष भावे सहित अन्य न्यायाधीश उपस्थित थे।

## मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी आज खंडवा दौरे पर

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा। खंडवा। मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी आज 8 मई को खंडवा दौरे पर रहेंगे। संगठन को मजबूती प्रदान करने और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से उनका यह दौरा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके साथ खंडवा जिला प्रभारी उषा नायडू, डॉ. रामकिशोर दोगने एवं विभा पटेल भी मौजूद रहेंगी। जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि तय कार्यक्रम के अनुसार हरीश चौधरी विभिन्न संगठनात्मक बैठकों एवं संवाद कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सुबह 11 बजे गांधी भवन में खंडवा शहर जिला कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक आयोजित होगी।**



इसके बाद दोपहर 12 बजे खंडवा ग्रामीण जिला कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक होगी।दोपहर 1 बजे खंडवा शहर एवं ग्रामीण जिला कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी। वहीं दोपहर 2 बजे जिला प्रभारी एवं विधानसभा प्रभारियों की बैठक होगी। इसके पश्चात दोपहर 3.30 बजे जिले के ब्लॉक, मंडलम एवं नगर अध्यक्षों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों एवं कार्यकर्ताओं की भूमिका पर चर्चा की जाएगी।जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने संगठन के समस्त पदाधिकारी, सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से समय पर गांधी भवन पहुंचने का आग्रह किया है।हरीश चौधरी के प्रथम आगमन को लेकर गांधी भवन में तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। तैयारियों के दौरान उत्तमपाल सिंह, प्रतिभा रघुवंशी, दीपक मुल्लू राठौर, मनोज मंडलोई, प्रेमांशु जैन, विकास व्यास, विशाल जैन, धर्मेन्द्र सिंह राठौर, आलोक सिंह रावत, इमरान गौरी एवं मुजाहिद कुरैशी सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

**एक नजर** | **शासकीय बैठकों में शामिल हुए और पत्रकारों से भी रूबरू हुए**

## नवागत पुलिस अधीक्षक का जैन समाज ने किया स्वागत

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा। हाल ही में हुए प्रशासनिक स्थानांतरण के तहत खंडवा जिले में नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने गुरुवार दोपहर अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद वे विभागीय परिचय बैठक एवं अन्य शासकीय बैठकों में शामिल हुए तथा पत्रकारों से भी रूबरू हुए । समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अगम जैन संस्कारयुक्त परिवार से संबंध रखते हैं।**



वे शाश्वत धाम उदयपुर एवं बांसवाड़ा शास्त्री महाविद्यालय के निर्देशक डॉ रामकुमार शास्त्री जैन तथा शाश्वत धाम गर्ल्स शास्त्री महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य एवं वर्तमान में भोपाल स्थित स्वार्थ सिद्धि महिला शास्त्री महाविद्यालय की अध्यक्ष-संचालक डॉ. ममता जैन के सुपुत्र हैं।शाम के समय सकल जैन समाज का प्रतिनिधिमंडल समाज अध्यक्ष वीरेन्द्र जैन भटयांण के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा, जहां समाजजनों ने पुलिस अधीक्षक अगम जैन का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्राचीन सराफा स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर की वेदी का फोटो फ्रेम स्मृति चिन्ह स्वरूप भेंट किया गया।प्रतिनिधिमंडल में अभय जैन, नितिन सुनील जैन, राजेश जैन, दिनेश जैन, पंकज जैन महल, प्रेमांशु वकील, सुधांशु चौधरी, प्रेमांशु चौधरी, अतुल जैन, तरुण जैन, नरेन्द्र जैन, मिलन जैन, चौथमल जैन, राजमल जैन, राजबहादुर जैनी, विकास बोथरा, देवेन्द्र बोथरा एवं प्रसंग जैन सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।